दिनांक-22.12.2024
समय-7.10एएम
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार,

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज कुवैत में होगा पारम्परिक स्वागत, प्रिंस के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठक।
2- केंद्रीय़ नागरिक उड्डयन मंत्री आज इंदौर विमानतल पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का करेंगे लोकार्पण।
3- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- उज्जैन को तकनीकी, संस्कृति और आर्थिक शक्ति का बनायेंगे केन्द्र
4- भोपाल के वन विहार में गुजरात से आए दो गिर शेर।

प्रधानमंत्री-कुवैत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कुवैत में बायन पैलेस में पारम्परिक स्वागत के बाद कुवैत के प्रिंस और युवा शहजादे के साथ बैठक करेंगे। वे कुवैत के प्रधानमंत्री के साथ शिष्टमंडल स्तर की वार्ता भी करेंगे। श्री मोदी कल दो दिन की यात्रा पर कुवैत पहुंचे। यह पिछले 43 वर्ष में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली कुवैत यात्रा है। उनकी यह यात्रा कुवैत के अमीर के निमंत्रण पर हो रही है। कल श्री मोदी ने कुवैत शहर में एक विशेष आयोजन में भारतीय जनसमूह को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि कुवैत के विकास और भारत-कुवैत संबंधों की मज़बूती में भारतवंशियों की बड़ी भूमिका रही है। प्रधानमंत्री ने भारतवंशियों को प्रवासी भारतीय दिवस और अगले महीने आयोजित हो रहे महाकुम्भ मेले में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व-बंधु रहा है और तकनीक तथा बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में देश तेजी से प्रगति कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत में दुनिया की कौशल राजधानी बनने की क्षमता है और भारत वैश्विक जरूरतों के अनुरूप अपने कौशल विकास कार्यक्रम चला रहा है।

इंदौर एयरपोर्ट

इंदौर का देवी अहिल्या बाई होलकर एयरपोर्ट देश का पहला अपशिष्ट मुक्त विमानतल यानि जीरो वेस्ट एयरपोर्ट बनने जा रहा है। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू आज एक समारोह में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का लोकार्पण करेंगे।

मुख्यमंत्री उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन को तकनीकी, संस्कृति और आर्थिक शक्ति का केन्द्र बनायेंगे। डॉ. यादव कल उज्जैन में आईटी पार्क के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शनिवार को शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने इंदौर रोड़ पर एमपी इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के द्‌वारा 46 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होने वाले आईटी पार्क का भूमि पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी फरवरी-2025 में भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर समिट के लोगो को लॉन्च किया। साथ ही इंवेस्टर समिट की ऑफिशियल वेबसाईट investmp.in का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उज्जैन में आईटी पार्क के निर्माण के बाद प्रत्यक्ष रूप से 500 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और सहायक सेवाओं जैसे कैफे, परिवहन और आवास के माध्यम से 1 हजार से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे। यह परियोजना उज्जैन को प्रदेश के प्रमुख आईटी गंतव्यों में शामिल करेगी जिससे निवेश में तेजी आएगी।

ड्रोन नीति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में मध्य प्रदेश की नई ड्रोन नीति पर एक दिवसीय एक्सपर्ट पैनल वर्कशॉप कल भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री द्‌वारा ड्रोन केंद्रित सूचना पोर्टल drone.mp.gov.in भी लॉन्च किया जाएगा। इस दौरान प्रशासन और नागरिक सेवाओं के लिए ड्रोन तकनीक के बढ़ते उपयोग और राज्य को देश का ड्रोन हब बनाने पर विचार विमर्श होगा। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार लोक कल्याणकारी सेवाओं, नवाचार, उत्कृष्टता और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए ड्रोन टेक्नालॉजी का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्‌ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रोन सेक्टर के मिशन से प्रेरित होकर हमने ड्रोन क्षेत्र के लिए आगे बढ़ने का संकल्प लिया है।

नदी जोड़ो प्रस्ताव

राज्य मंत्री और पथरिया विधायक लखन पटेल ने केन-बेतवा लिंक परियोजना की तरह नर्मदा नदी को सुनार और कोपरा नदी से जोड़ने के लिये एक प्रस्ताव सरकार को दिया है। यह बात बटियागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पिपरिया घनश्याम में सुशासन सप्ताह अंतर्गत चल रहे "प्रशासन गांव की ओर"2024 अभियान में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई घोषणा की है कि राज्य के अंदर की नदी से नदी को जोड़ने के काम करेंगे तो उसमें भी हम 90 प्रतिशत राशि देंगे।

गिर-शेर

मध्यप्रदेश और गुजरात के बीच एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत गुजरात के जूनागढ़ के सक्करबाग चिड़ियाघर से गिर शेरों का एक जोड़ा भोपाल लाया गया है। इन दोनों शेरों को राजधानी भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्‌यान में रखा गया है। जूनागढ़ के गिर

राष्ट्रीय उद्यान से शेरों को मध्य प्रदेश लाने का प्रयास बीते 16 वर्षों से किया जा रहा था।

राष्ट्रीय बाल रंग

भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय बाल रंग के दूसरे दिन कल 22 राज्यों की लोक संस्कृति पर केन्द्रित नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां देशभर के बच्चों ने दी। इन प्रस्तुतियों में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की झलक देखने को मिली। इस आयोजन में बाल रंग में विभिन्न राज्यों के 10 हजार बच्चें अनेक रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता कर रहे हैं। बाल रंग के दूसरे दिन सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल बच्चों के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बालरंग कार्यक्रम मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बच्चों को पढ़ाई के साथ विभिन्न गतिविधियों से सक्रिय रूप से जोड़ने की अनुशंसा की गई है। बाल रंग में शामिल बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दूसरे बच्चों के लिये प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे।

संक्षिप्त समाचार

1. आज राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को समर्पित है। इस दिन का मकसद लोगों में मानव जीवन के विकास के लिए गणित के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है।
2. शहादत दिवस पर कल रात मुरैना के अंबाह में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन अमर शहिद क्रांतिकारी पं रामप्रसाद बिस्मिल जी की याद में किया गया।
3. रायसेन जिले के शिवतला में सुशासन सप्ताह "प्रशासन गांव की ओर" तथा "मुख्यमंत्री जनकल्याण" शिविर आयोजित किया गया।
4. डिंडोरी जिले में सुशासन सप्ताह और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविर आयोजित कर कॉलेज के विद्यार्थियों के लाइसेंस बनाये जा रहे है।
5. राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत ग्राम जाटखेड़ा में आयुष विभाग श्योपुर द्वारा आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 317 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया।
6. नर्मदापुरम जिले के हिल स्टेशन पचमढ़ी में 26 दिसम्बर से 7 दिवसीय पचमढ़ी महोत्सव की शुरुआत होगी।
7. मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत जगन्नाथपुरी जाने वाली विशेष रेल भारत गौरव स्पेशल कल शाम खण्डवा रेल्वे स्टेशन से प्रस्थान करेगी।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर,

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज कुवैत में होगा पारम्परिक स्वागत, प्रिंस के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठक।
2- केंद्रीय़ नागरिक उड्डयन मंत्री आज इंदौर विमानतल पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का करेंगे लोकार्पण।
3- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- उज्जैन को तकनीकी, संस्कृति और आर्थिक शक्ति का बनायेंगे केन्द्र

4- भोपाल के वन विहार में गुजरात से आए दो गिर शेर।

-------------

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

1 इंदौर एयरपोर्ट

इंदौर का देवी अहिल्या बाई होलकर एयरपोर्ट देश का पहला अपशिष्ट मुक्त विमानतल यानि जीरो वेस्ट एयरपोर्ट बनने जा रहा है। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू आज एक समारोह में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का लोकार्पण करेंगे।

2 मुख्यमंत्री उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन को तकनीकी, संस्कृति और आर्थिक शक्ति का केन्द्र बनायेंगे। डॉ. यादव कल उज्जैन में आईटी पार्क के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शनिवार को शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने इंदौर रोड़ पर एमपी इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा 46 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होने वाले आईटी पार्क का भूमि पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी फरवरी-2025 में भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर समिट के लोगो को लॉन्च किया। साथ ही इंवेस्टर समिट की ऑफिशियल वेबसाईट investmp.in का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उज्जैन में आईटी पार्क के निर्माण के बाद प्रत्यक्ष रूप से 500 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और सहायक सेवाओं जैसे कैफे, परिवहन और आवास के माध्यम से 1 हजार से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे। यह परियोजना उज्जैन को प्रदेश के प्रमुख आईटी गंतव्यों में शामिल करेगी जिससे निवेश में तेजी आएगी।

3 ड्रोन नीति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में मध्य प्रदेश की नई ड्रोन नीति पर एक दिवसीय एक्सपर्ट पैनल वर्कशॉप कल भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा ड्रोन केंद्रित सूचना पोर्टल drone.mp.gov.in भी लॉन्च किया जाएगा। इस दौरान प्रशासन और नागरिक सेवाओं के लिए ड्रोन तकनीक के बढ़ते उपयोग और राज्य को देश का ड्रोन हब बनाने पर विचार विमर्श होगा। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार लोक कल्याणकारी सेवाओं, नवाचार, उत्कृष्टता और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए ड्रोन टेक्नालॉजी का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रोन सेक्टर के मिशन से प्रेरित होकर हमने ड्रोन क्षेत्र के लिए आगे बढ़ने का संकल्प लिया है।

4 नदी जोड़ो प्रस्ताव

राज्य मंत्री और पथरिया विधायक लखन पटेल ने केन-बेतवा लिंक परियोजना की तरह नर्मदा नदी को सुनार और कोपरा नदी से जोड़ने के लिये एक प्रस्ताव सरकार को दिया है। यह बात बटियागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पिपरिया घनश्याम में सुशासन सप्ताह अंतर्गत चल रहे "प्रशासन गांव की ओर"2024 अभियान में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई घोषणा की है कि राज्य के अंदर की नदी से नदी को जोड़ने के काम करेंगे तो उसमें भी हम 90 प्रतिशत राशि देंगे।

5 गिर-शेर

मध्यप्रदेश और गुजरात के बीच एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत गुजरात के जूनागढ़ के सक्करबाग चिड़ियाघर से गिर शेरों का एक जोड़ा भोपाल लाया गया है। इन दोनों शेरों को राजधानी भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में रखा गया है। जूनागढ़ के गिर राष्ट्रीय उद्यान से शेरों को मध्य प्रदेश लाने का प्रयास बीते 16 वर्षों से किया जा रहा था।

6 राष्ट्रीय बाल रंग

भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय बाल रंग के दूसरे दिन कल 22 राज्यों की लोक संस्कृति पर केन्द्रित नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां देशभर के बच्चों ने दी। इन प्रस्तुतियों में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की झलक देखने को मिली। इस आयोजन में बाल रंग में विभिन्न राज्यों के 10 हजार बच्चें अनेक रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता कर रहे हैं। बाल रंग के दूसरे दिन सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल बच्चों के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बालरंग कार्यक्रम मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बच्चों को पढ़ाई के साथ विभिन्न गतिविधियों से सक्रिय रूप से जोड़ने की अनुशंसा की गई है। बाल रंग में शामिल बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दूसरे बच्चों के लिये प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे।

----------------------------------